दिन—शुक्रवार दिनांक— 26 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधि— 15 मिनट

---

01. कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दूसरे चरण में किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका संसदीय क्षेत्रों में शांतिपूर्वक मतदान सम्पन्न। अंठावन प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

02. पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री तारिक अनवर, निवर्तमान सांसद अजय कुमार मंडल और गिरिधारी यादव समेत पचास उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में बंद।

03. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अररिया और मुंगेर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा— देश में राजनीति की दो मुख्य धारा बन गई हैं।

04. और, सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर में बीस मई को होने वाले चुनाव के लिए आज अधिसूचना जारी।

———————————————————————

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में बिहार के चार संसदीय क्षेत्रों— किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका में कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। आज के मतदान के बाद तीन महिला समेत पचास उम्मीदवारों के भाग्य ईवीएम में सील हो गया। वोटों की गिनती चार जून को होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच. आर. श्रीनिवास ने बताया कि अंठावन प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

———बाईट———

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदान के अंतिम आंकड़े में बढ़ोतरी की संभावना है। दो हजार उन्नीस में हुए लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस बार चार दशमलव नौ प्रतिशत कम मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। विकास के विभिन्न मुद्दों को लेकर किशनगंज के आठ, भागलपुर के दो और बांका के एक मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं ने मतदान का बहिष्कार किया। आज के मतदान के दौरान बहत्तर हजार सात सौ सैंतालीस लीटर शराब जब्त की गयी, जिसका मूल्य दो करोड़ बासठ लाख रूपये है। वहीं, उड़नदस्तों की टीम ने जांच के दौरान अंठानवे लाख रूपये से अधिक नकद भी जब्त किया गया।

———————————————————————————————

किशनगंज से हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि महिला और पहली बार वोट देने वालों में खासा उत्साह देखा गया।

———बाईट———

भीषण गर्मी के बावजूद लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने पहुंचे। फर्स्ट टाइम वोटर, महिलाओं, और बुजुर्गों में मतदान को लेकर काफी उत्साह दिखा। महिला मतदाताओं का कहना है कि हम उस नेता को चुनेंगे जो महिलाओं के लिए कुछ अच्छा करे वही युवा वोटर्स ने कहा के हम पहली बार वोट दे रहे है हम ऐसे नेता को चुनेंगे जो देश की सुरक्षा के साथ साथ हमारे आने वाले भविष्य के लिए कुछ कर सके। आज के मतदान के बाद 12 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में सील हो गई। आकाशवाणी समाचार के लिये किशनगंज से विशाल कुमार।

कटिहार में भीषण गर्मी के बावजूद वोटरों में मतदान के लिए काफी उत्साह देखा गया।

———बाईट———

भीषण गर्मी के बाबजूद खासकर युवा मतदाता, बुजुर्ग और महिला वोटर्स भी भारी संख्या में मतदान केंद्र जाकर मतदान किये। युवा मतदाता जो कि पहली बार मतदान किये काफी उत्साहित दिखें। पूर्व उपमुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता तारकिशोर प्रसाद आज मिरचाईबाड़ी स्थित मध्य विद्यालय आदर्श मतदान केंद्र पर बूथ संख्या 74 पर अपनी बूढ़ी मां और पत्नी के साथ मतदान करने पहुंचे। साथ ही जदयू के प्रत्याशी दुलालचंद गोस्वामी भी अपने गांव बारसोई के करीमगंज में मतदान किये। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव तथा कटिहार लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन के प्रत्याशी तारिक़ अनवर ने शहर के श्यामा संस्कृत मध्य विद्यालय स्थित मतदान केंद्र संख्या 178 पर अपनी पत्नी हिना अनवर के साथ मताधिकार का प्रयोग किया है। आकाशवाणी समाचार के लिये कटिहार से कुमार मुकेश चौधरी।

पूर्णियां से हमारे संवाददाता ने बताया है कि महिलाओं और युवाओं के बीच मतदान को लेकर काफी उत्साह देख गया। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

आज हुए मतदान के दौरान महिलाओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पुरुष मतदाता भी पीछे नहीं रहे। भीषण गर्मी के बावजूद वरिष्ठ मतदाताओं ने वोट डाले। इस बार देखने वाली बात यह रही की पहली बार मतदान कर रहे मतदाता सबसे अधिक जागरूक दिखे। वे अपने मताधिकार का प्रयोग देशहित, युवाओं की जरूरतें को देखते हुवे मतदान करते दिखे। मतदान के बाद सात उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया। आकाशवाणी समाचार के लिए पूर्णियां से होमी चंदन।

भागलपुर से हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि विभिन्न राजनीतिक दलों ने मतदान के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया।

———बाईट———

आज सुबह 7 बजे से ही लोग कतार में खड़े होकर मतदान के लिए उत्साहित दिखे। हालाकि 10 बजे के बाद बूथों पर तेज धूप और गर्मी की वजह से बूथों पर भीड़ थोड़ी कम नजर आई। ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी सह ज़िला पधाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी लोगो को मतदान के लिए प्रोत्साहित करते नजर आए। इसके अलावा मतदान के दौरान विभिन्न दलों कार्यकर्ता मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित और सहयोग करते रहे। तपिश भरी गर्मी और लू भरी हवा चलने के बाबजूद लोगों ने वोट डाले। आकाशवाणी समाचार के लिये भागलपुर से विनोद कुमार।

बांका से हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि नक्सली क्षेत्रों में मतदाताओं ने निर्भिक होकर वोट डाले।

———बाईट———

तेज धूप और गर्मी की वजह से वोटिंग प्रतिशत में दोपहर के समय गिरावट दर्ज की गयी, लेकिन उसके बाद शाम 6 बजे तक कतारबद्ध होकर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। तेज धूप और भीषण गर्मी से निपटने के लिए मतदाताओं को ओआरएस दिया गया, जिससे भीषण गर्मी में मतदाताओं को परेशानी नहीं हुई। रजौन के मोरामा गांव में रोड नहीं तो वोट नहीं को मुद्दा बनाते हुए ग्रामीणों ने वोट वहिष्कार कर दिया। कुछ मतदान केन्द्र पर ईवीएम में खराबी की वजह से ईवीएम को बदला गया। आकाशवाणी समाचार के लिये बांका से बिदुशेखर।

———————————————————————————

किशनगंज और पूर्णियां संसदीय क्षेत्र में त्रिकोणीय मुकाबला हैं जबकि भागलपुर, बांका और कटिहार में एनडीए और महागठबंधन के उम्मीदवार आमने—सामने है। किशनगंज में कांग्रेस के मोहम्मद जावेद, जदयू के मुजाहिद आलम और एआईएमआईएम के अख्तरूल ईमान के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। वहीं, पूर्णियां सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार पप्पू यादव की मौजूदगी ने चुनाव दिलचस्प बना दिया है। इस सीट पर पप्पू यादव का मुकाबला, जदयू के संतोष कुशवाहा और राजद की बीमा भारती से है। कटिहार में जदयू के निवर्तमान सांसद दुलाल चंद गोस्वामी और कांग्रेस के तारिक अनवर के बीच सीधी टक्कर मानी जा रही है। भागलपुर में जदयू के निवर्तमान सांसद अजय मंडल और कांग्रेस के अजीत शर्मा के बीच मुख्य मुकाबला है। वहीं, बांका में जदयू के गिरिधारी यादव और राजद के जयप्रकाश यादव आमने—सामने हैं।

———————————————————————————

बीस मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के मतदान के लिए आज अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन का कार्य शुरू हो गया है। उम्मीदवार तीन मई तक नामांकन कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच चार मई को होगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि छह मई है। इस चरण में प्रदेश के पांच संसदीय क्षेत्रों— सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर में मतदान होना है।

———————————————————————————

इधर, दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर संसदीय क्षेत्रों में होने वाले चौथे चरण के चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की आज जांच पूरी हो गयी। इन संसदीय क्षेत्रों में चौरासी उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। उम्मीदवार उनतीस अप्रैल तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। चौथे चरण का मतदान तेरह मई को होगा।

———————————————————————————

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे और चौथे चरण के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अररिया और मुंगेर में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। श्री मोदी ने अररिया में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश में राजनीति की दो मुख्य धारा बन गई हैं। एक धारा बीजेपी–एनडीए की है, जिसका मकसद लोगों को सशक्त करना है। वहीं, दूसरी धारा इंडी गठबंधन की है, जिसका मकसद आम लोगों के अधिकार को छीनना है।

———बाईट———

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव समेत महागठबंधन के अन्य नेताओं ने अपने–अपने उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभा और रोड–शो किये। वहीं, वामपंथी दल सीपीआई, सीपीएम और माले के वरिष्ठ नेता भी अपने–अपने उम्मीदवारों के साथ इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों की विजय सुनिश्चित करने के लिए प्रचार में जुटे हैं।

——————————————————————————

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात दरभंगा लोकसभा सीट की। दरभंगा बिहार के उन पांच संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों में से एक है, जहां तीसरे चरण में सात मई को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

दरभंगा लोकसभा क्षेत्र अपने समृद्ध अतीत और सांस्कृतिक तथा शाब्दिक परंपराओं के लिए जाना जाता है। दरभंगा को मिथिला की हृदय स्थली के रूप में भी जाना जाता है। बीते दौर में इस लोकसभा क्षेत्र ने कई बदलाव देखे हैं। कभी कांग्रेस की राजनीति का गढ़ रहा दरभंगा संसदीय क्षेत्र बदलते वक्त के साथ समाजवादी राजनीति की प्रयोगशाला भी बना, तो कभी दक्षिणपंथी राजनीति की कर्मभूमि बन गया। वर्ष दो हजार उन्नीस में हुए लोकसभा चुनाव में इस संसदीय क्षेत्र से भाजपा के गोपालजी ठाकुर को जीत मिली थी। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी राजद के अब्दुलबारी सिद्दिकी को पराजित किया था। इस बार के लोकसभा चुनाव में एनडीए से भाजपा के निवर्तमान सांसद गोपालजी ठाकुर एक बार फिर चुनाव मैदान में हैं। उनके सामने हैं इंडी गठबंधन से राजद के ललित यादव। श्री यादव वर्तमान में दरभंगा ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से राजद विधायक हैं। मुख्य मुकाबला भी इन्हीं दोनों के बीच माना जा रहा है। भौगोलिक दृष्टिकोण से देखे तो दरभंगा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें से तीन पर भाजपा, जबकि दो पर जदयू और एक पर राजद का कब्जा है। गौड़ाबौराम, अलीनगर और दरभंगा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के विधायक हैं। वहीं, बेनीपुर और बहादुरपुर विधानसभा क्षेत्रों पर जदयू तथा दरभंगा ग्रामीण पर राजद का कब्जा है। दरभंगा की राजनीति के हर दौर में विकास प्रमुख मुद्दा रहा है। दरभंगा एम्स निर्माण में हो रही देरी, हवाई अड्डे पर नागरिक सुविधाओं की कमी, रैयाम चीनी मिल और अशोक पेपर मिल को चालू कराने तथा बाढ़ की समस्या का स्थाई निदान इस बार के प्रमुख चुनावी मुद्दे हैं। इसके अलावा बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दे को भी लेकर विपक्षी गठबंधन के उम्मीदवार मतदाताओं को गोलबंद करने में जुटे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए दरभंगा से मैं मणिकांत झा।

——————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने आज वीवीपीएटी की पर्चियों के साथ इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन– ईवीएम के आंकडों के शत–प्रतिशत मिलान वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया है। न्यायाधीश संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने निर्वाचन आयोग के

लिए दो निर्देश दिए। न्यायालय ने कहा कि ईवीएम में सिंबल्स लोड किए जाने के बाद सिंबल लोडिंग यूनिट – एसएलयू को सील करके कंटेनरों में सुरक्षित रख लिया जाना चाहिए। इस सील पर उम्मीदवार और उनके प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर होने चाहिए। सील किए गए कंटेनरों को परिणाम घोषित होने के कम से कम पैंतालीस दिनों तक ईवीएम के साथ स्टोर रूम में रखा जाना चाहिए। न्यायालय ने कहा कि इन कंटेनरों को ईवीएम की तरह ही खोला और सील किया जाना चाहिए। दो या तीन उम्मीदवारों के लिखित अनुरोध पर परिणामों की घोषणा के बाद ईवीएम निर्माता के इंजीनियरों द्वारा प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के हिसाब से बैलेट यूनिट और वीवीपीएटी की जांच और सत्यापन किया जाना चाहिए। इस प्रकार का अनुरोध परिणामों की घोषणा के बाद सात दिनों के भीतर किया जाना चाहिए। इस प्रकार के अनुरोध पर होने वाले खर्च को उम्मीदवार वहन करेगा। यदि ईवीएम से छेडछाड की गई है तो वह खर्च उम्मीदवार को लौटा दिया जाएगा।

——————————————————————————

मौसम विभाग ने आज रोहतास, औरंगाबाद, भागलपुर, पटना और पूर्णियां समेत ग्यारह जिलों में लू की चेतावनी जारी की है। बयालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ शेखपुरा प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक एस.के. पटेल ने बताया कि राज्य के अन्य हिस्सों में गर्म दिवस बना रहेगा। वहीं, अगले तीन से चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस क्रमिक वृद्धि का पूर्वानुमान है।

———बाईट———

——————————————————————————

राज्य में अब छह माह से अधिक कारवास की सजा पाने वाला व्यक्ति मुखिया, सरपंच और पंचायत समिति के सदस्य समेत पंचायत प्रतिनिधि का चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने बताया कि पंचायत प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचित किसी व्यक्ति को न्यायालय द्वारा छह माह से अधिक की सजा होती है, तो उनकी सदस्यता समाप्त हो जाएगी।

——————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दूसरे चरण में किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका संसदीय क्षेत्रों में शांतिपूर्वक मतदान सम्पन्न। अंठावन प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

02. पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री तारिक अनवर, निवर्तमान सांसद अजय कुमार मंडल और गिरिधारी यादव समेत पचास उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में बंद।

03. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अररिया और मुंगेर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा– देश में राजनीति की दो मुख्य धारा बन गई हैं।

04. और, सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर में बीस मई को होने वाले चुनाव के लिए आज अधिसूचना जारी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।